HINDI

# आंत्र की जांच करने वाली किट के उपयोग के लिए निर्देश

## आंत्र जांच करने वाला परीक्षण कैसे काम करता है

1. आप इस परीक्षण किट का उपयोग मल का नमूना लेने के लिए करते हैं।
2. आप नमूना लिफाफे में हमें वापस भेजते हैं (यह निःशुल्क है)।
3. हम आपके (मल के) नमूने का परीक्षण करते हैं और आपको परिणाम बताते हैं।

### क्या आपको मदद की जरूरत है?

कृपया **0800 924 432** पर निःशुल्क फोन करें। हमें बताइये कि आप कौन सी भाषा में बात करना चाहते हैं। आपकी कॉल का उत्तर अंग्रेजी में दिया जाएगा, लेकिन हम आपकी पसंदीदा भाषा में आंत्र जांच के बारे में आपसे बात करने के लिए किसी व्यक्ति की व्यवस्था कर सकते हैं।

Time to screen National Bowel Screening Programme

Health New Zealand Te Whatu Ora

Te Kāwanatanga o Aotearoa New Zealand Government

# अपनी टेस्ट (परीक्षण) किट का उपयोग कैसे करें

**1**





### महत्वपूर्ण

एक बारकोड स्टिकर को **कंसेंट (सहमति) फॉर्म** से निकालें और ट्यूब के सपाट हिस्से पर चिपका दें।

आप जिस **तारीख** को यह टेस्ट करें उसे **कंसेंट (सहमति) फॉर्म** पर लिख दें। बाकी फॉर्म भरें।

**2**




यदि संभव हो तो पेशाब करें और फिर शौचालय को फ्लश कर दें।

कमोड में कुछ टॉयलेट पेपर डालें।

**सैंपल पेपर** को टॉयलेट पेपर के ऊपर रखें।

**3**




**अब अपना मल सैंपल पेपर पर निकालें।**

ट्यूब का ढक्कन जल्दी से हटा दें - इससे पहले कि मल पानी में डूब जाए।

**हरी डंडी से, मल के अलग-अलग हिस्से से मल डंडी पर लगाएं।** ऐसा तब तक करें जब तक कि डंडी का सिरा मल से पूरी तरह न ढक जाए।

आपको सिर्फ एक छोटे सैंपल (नमूने) की जरूरत है।

**4**




डंडी को ट्यूब में वापस डाल दें। ढक्कन को नीचे की तरफ **दबा** कर बंद कर दें। आपके सैंपल (नमूने) के लिए ट्यूब में साफ द्रव्य मौजूद है।

टॉयलेट को फ्लश करें और अपने हाथ धो लें। सैंपल पेपर को फ्लश किया जा सकता है।

ट्यूब को **ज़िप-लॉक बैग** में डाल दें। ज़िप को दबा कर बंद कर दें।

**5**




**ज़िप-लॉक बैग को ट्यूब और कंसेंट (सहमति) फॉर्म** के साथ वापसी पते वाले लिफ़ाफ़े में डाल दें।

परीक्षण उसी दिन या अगले दिन डाक से भेज दें क्योंकि देरी से आपका नमूना खराब हो सकता है।

HE2756 Sept 2025